न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), रामसनेही घाट, कोर्ट नं० 14, बाराबंकी।

मूलवाद संख्या –89/2019

छंगा बनाम केशवराम आदि

<u>10.05.2019</u>

पत्रावली पेश हुई।

वादी की ओर से प्रार्थना पत्र क–13 मय शपथ पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि उक्त वाद में सहवन टाईप की गलती से प्रतिवादीगण 1 व 2 के पिता के नाम में त्रुटि हो गयी है, जिसे सही किया जाना आवश्यक है। अतः प्रार्थना पत्र में वर्णित आधारों पर वादपत्र में संशोधन चाहा गया है।

विपक्षीगण की ओर से कोई आपत्ति नहीं की गयी है।

सुना व पत्रावली का अवलोकन किया।

उक्त संशोधन से वाद की प्रकृति नहीं बदलती है। प्रतिवादीगण को भी कोई तात्विक हानि नहीं है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाने योग्य है।

आदेश

प्रार्थना पत्र क–13 स्वीकार किया जाता है। तदनुसार संशोधन अन्दर 14 दिन करे।

पत्रावली वास्ते अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 31.07.2019 को पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०),
कोर्ट नं० 14, बाराबंकी